छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2019 ■ वर्ष-16







स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

EYE ON DEVELOPMENT OF CHHATTISGARH

छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2019 ■ वर्ष-16


**संरक्षक**



श्री शैलेन्द्र कुमार शुक्ला
अध्यक्ष



श्री मो. कैसर अब्दुलहक (IAS)
प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी)



श्रीमती तृप्ति सिन्हा
प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन कंपनी)



श्री के रामचंद्र मूर्ति
प्रबंध निदेशक (जनरेशन कंपनी)



संपादक : संकल्प
**विजय कुमार मिश्रा**
अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कं. मर्या., डंगनिया, रायपुर, छत्तीसगढ़
e-mail : vijay.mishra361@gmail.com





## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मर्यादित

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | फरवरी 2019 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 3280 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 3424.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 2064.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 118 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 12013 सर्किट कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1085 एमव्हीएआर |
| 33/11 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1225 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 21924 सर्किट कि.मी. |
| 11/04 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 159742 नग |
| 11 केव्ही लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 106935 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 181766 कि.मी. |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 37275 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या | 73369 | 422196 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या (सौभाग्य योजना के अंतर्गत प्रदत्त कनेक्शन शामिल) | 630389 | 1977798 |


छायाकार : संजय टेम्बे
सहयोग : जाबिर मोहम्मद कुरैशी

# इंजी. शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण

## विद्युत विकास में छत्तीसगढ़ रहेगा अग्रणी



छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार इंजी. शैलेन्द्र कुमार शुक्ला छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष नियुक्त किये गये, तदानुसार उन्होंने 29 जनवरी 19 को पूर्वान्ह में अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण उपरांत उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप "गढ़बो नवा छत्तीसगढ़"को बिजली के बूते साकार करना और राज्य शासन के रीति नीति के अनुरूप विद्युत विकास के मामले में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाये रखना उनकी प्राथमिकता होगी। नई पदस्थापना के पूर्व इंजी. शुक्ला हरियाणा राज्य नवीकरण ऊर्जा एजेंसी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

नवनियुक्त अध्यक्ष इंजी. शुक्ला को आज विद्युत सेवा भवन में पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, श्री केआरसी मूर्ति सहित डॉयरेक्टर सर्वश्री जीसी मुखर्जी, एच आर नरवरे, ओसी कपिला, अजय दुबे, महाप्रबंधक एमजेड. रहमान एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न श्रमिक संघ-संगठनों के प्रतिनिधियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

विदित हो कि 05 फरवरी 1960 को बिलासपुर में श्री हरिभूषण शुक्ला जी के परिवार में आपका जन्म हुआ। आपने स्कूली शिक्षा के साथ ही ग्यारहवीं की परीक्षा बिलासपुर से उत्तीर्ण करने के उपरांत इंजीनियरिंग कालेज जबलपुर से बीई (गोल्ड मेडलिस्ट) की उपाधि प्राप्त की है। आपने अपने बीते 37 वर्ष के सेवाकाल में वल्लभ भवन भोपाल में ओएसडी के पद सहित जबलपुर, जगदलपुर, रीवा, सतना में विभिन्न पदों पर तथा छत्तीसगढ़ गठनोपरांत मंत्रालय में ओएसडी के पद पर अपनी सफलतम सेवायें दी है।

आपने राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के डायरेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर 16 वर्षों तक सेवायें दी है। आपके कार्यकाल में क्रेडा को अनेक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए तथा राजधानी रायपुर में निर्मित विशालकाय ऊर्जा पार्क में आपकी प्रमुख भूमिका रही है। कार्य के प्रति निष्ठा एवं लगन के बूते आगे बढ़ते हुये हरियाणा में दो वर्षों तक हेरेडा (HAREDA) के अध्यक्ष पद पर भी आप पदस्थ रहे हैं।

### अब तक के पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री एस.के. मिश्रा (आईएएस) | 15.11.2000 से 09.03.2001 |
| 2 | श्री गोपाल तिवारी | 09.03.2001 से 07.03.2003 |
| 3 | श्री बी.एस.बनाफर | 07.03.2003 से 15.12.2003 |
| 4 | श्री एस.के.मिश्रा (आईएएस) | 15.12.2003 से 03.02.2004 |
| 5 | श्री अजय सिंह (आईएएस) | 03.02. 2004 से 18.09.2004 |
| 6 | श्री राजीव रंजन | 18.09.2004 से 31.12.2008 |
| 7 | श्री पी.जॉय उम्मेन (आईएएस) | 01.01.2009 से 01.02.2012 |
| 8 | श्री शिवराज सिंह (आईएएस) | 01.04.2012 से 17.12.2018 |
| 9 | श्री शैलेन्द्र शुक्ला | 29.01.2019 से निरंतर |


# महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय बैडमिन्टन टी.टी. स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज की महिला खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय बैडमिन्टन एवं टेबल टेनिस स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा बैडमिन्टन के टीम इवेंट में कांस्य पदक जीत कर छत्तीसगढ़ सहित पॉवर कंपनी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया। तमिलनाडु के ईरोड में अर्जित इन राष्ट्स्तरीय उपलब्धियों के लिये पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने बधाई दी। उन्होंने कहा राष्ट्रीय स्तर पर विद्युत विकास सहित खेल जगत में सक्रियता के लिये महिला कर्मियों का प्रयास अत्यन्त सराहनीय है। इसी क्रम में सेन्ट्रल स्पोटर्स एण्ड कल्चर कमेटी की अध्यक्ष स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा, कमेटी के उपाध्यक्ष एवं होल्डिंग कंपनी के डायरेक्टर श्री अजय दुबे, कमेटी के ऑफिस सेकेट्री डॉ. हेमन्त सचदेवा ने भी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनांए दीं।

बैडमिन्टन के ओपन युगल स्पर्धा का स्वर्ण पदक श्रीमती अनिता सिंह एवं कु. वीरांगना भगत ने तथा टेबल टेनिस के ओपन युगल स्पर्धा में प्रथम स्थान अर्जित कर दिव्या आमड़े एवं श्रद्धा वर्मा ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। इसी तरह टेबल टेनिस के ओपन सिंगल में कु. दिव्या आमड़े ने स्वर्ण तथा बैडमिन्टन के ओपन सिंगल में अनिता सिंह ने रजत पदक लेकर दोहरी सफलता हासिल की। टीम मैनेजर मदालसा विश्वकर्मा, कोच सागर पिंपलापुरे के नेतृत्व में टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी जुनेवा गोम्स, शोभना सिंह, नमिता जैन, भारती फैरो, मीना कुर्रे, कंचन महेश ठाकुर, रीना गोस्वामी ने कैरम, शतरंज एवं अन्य स्पर्धा में भी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

## पॉवर कंपनी अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा लोड डिस्पेच सेंटर का अवलोकन



# राज्य एवं अन्तरराज्यीय बिजली की स्थिति पर हुई चर्चा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने डंगनिया स्थित लोड डिस्पेच सेंटर का 02 फरवरी 19 को अवलोकन किया। पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अधीन संचालित उक्त सेंटर के माध्यम से राज्य एवं अन्तरराज्यीय बिजली की अद्यतन स्थिति सहित देश के राज्यों के मध्य बिजली के आदान-प्रदान का लेखा-जोखा रखा जाता है। इस अवसर पर उपस्थित ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा सहित लोड डिस्पेच सेंटर के अधिकारियों से अध्यक्ष श्री शुक्ला ने लोड डिस्पेच सेंटर की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर भार प्रेषण केन्द्र की कार्यप्रणाली का एक प्रस्तुतिकरण किया गया, जिस पर कंपनी अध्यक्ष श्री शुक्ला ने लोड फार कास्टिंग के महत्व, ग्रिड अनुशासन सहित विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिये।

भार प्रेषण केन्द्र में उपस्थित उच्चाधिकरी सर्वश्री केएस मनोठिया, व्हीके चड्ढा, पीके गुप्ता, वाईबी जैन, एके श्रीवास्तव आदि ने भार प्रेषण केन्द्र की गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। भार प्रेषण केन्द्र का मुख्य कार्य प्रदेश में विद्युत की मांग व आपूर्ति के मध्य बेहतर संतुलन बनाये रखने सहित विद्युत व्यवस्था को नियंत्रित रखना होता है। ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिये भार प्रेषण केन्द्र में अत्याधुनिक स्काडा सिस्टम को स्थापित किया गया है। छत्तीसगढ़ पॉवर कम्पनी का भारप्रेषण केन्द्र पश्चिमी क्षेत्रीय भारप्रेषण केन्द्र मुंबई से सम्बद्ध है, जो समय समय पर पश्चिम क्षेत्रीय राज्यों के मध्य ग्रिड व्यवस्था को अनुशासित ढंग से संचालित करने के लिये दिशा निर्देश देता है। देश के पश्चिम क्षेत्र के अन्य राज्य भार प्रेषण केन्द्र से भी विद्युत के आंकड़े एवं अन्य जानकारियां भारप्रेषण केन्द्र के माध्यम से एक दूसरे को आदान-प्रदान किया जाता है।

# श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक द्वारा विशेष सचिव (ऊर्जा) तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी का पदभार ग्रहण



छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक (आईएएस) ने 7 फरवरी 19 को विशेष सचिव (ऊर्जा) का पदभार ग्रहण किया। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उन्हें ऊर्जा विभाग एवं पॉवर कम्पनीज के अधिकारियों-कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नवपदस्थ विशेष सचिव श्री हक ने विद्युत से प्रदेश के चहुंमुखी विकास सहित उपभोक्ता संतोष को सतत बनाये रखने को एक चुनौतीपूर्ण कार्य बताया और राज्य शासन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करने ऊर्जा विभाग तथा कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों से चर्चा की।

कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण करने के उपरांत श्री अब्दुल हक ने शासन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति आभार व्यक्त किया। राज्य शासन की नीति "पॉवर फॉर आल" को टीमवर्क के साथ साकार करना, सभी श्रेणी के उपभोक्ता संतोष सहित गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति को उन्होंने प्राथमिकता बताई।

भारतीय प्रशासनिक सेवा वर्ष 2007 बैच के श्री अब्दुलहक अपनी नई पदस्थापना के पूर्व कोरबा कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे। महाराष्ट्र के मालेगांव (नासिक) निवासी श्री हक विज्ञान में स्नातक हैं। अपने पिता श्री अब्दुलहक एवं माता श्रीमती शकिरा हक से मिली प्रेरणा से आप वर्ष 2007 में भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित हुये। आपकी पहली पदस्थापना वर्ष 2008 में हुई। आप सर्वशिक्षा अभियान में महाप्रबंधक रायपुर, कलेक्टर बीजापुर, रायगढ़ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पूर्व में सफलतापूर्वक सेवायें दे चुके हैं। किसी भी कार्य में संपूर्ण सफलता के लिये "कमिटमेंट और पैशन" को आप अपना मूलमंत्र मानते हैं।

## अब तक के प्रबंध निदेशक (वितरण कम्पनी)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री जी.एस. देशपाण्डे | - | 01.01.2009 से 30.09.2010 तक |
| 2. | श्री सुबोध कुमार सिंह (आई.ए.एस.) | - | 30.09.2010 से 03.03.2015 तक |
| 3. | श्री अंकित आनंद (आई.ए.एस.) | - | 03.03.2015 से 05.02.2019 तक |
| 4. | श्री मोहम्मद कैसर अब्दुल हक (आई.ए.एस.) | - | 07.02.2019 से निरंतर |

# विद्युत संयंत्रों का पावर कंपनीज के चेयरमैन श्री शुक्ला द्वारा निरीक्षण

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के चेयरमैन श्री शैलेंद्र कुमार शुक्ला द्वारा 16 एवं 17 फरवरी को कोरबा एवं जांजगीर-चांपा स्थित विद्युत संयंत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह एवं हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम एवं अटल बिहारी बाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा के अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में पॉवर जनरेशन कंपनी के एमडी श्री केआरसी मूर्ति के साथ उन्होंने विभिन्न इकाइयों की कार्यप्रणाली एवं प्रगति का अवलोकन सिलसिलेवार पावर पाइंट प्रजेंटेशन के जरिए किया। साथ ही वीआईपी गेस्ट हाउस के उद्यान में चेयरमैन श्री शुक्ला, प्रबंध निदेशक श्री मूर्ति और निदेशक श्री ओसी कपिला ने पौधा रोपण किया।





आगे चेयरमेन श्री शुक्ला ने कहा कि टीमवर्क के बूते पॉवर कंपनी को पहले की अपेक्षा ज्यादा तेज गति से उंचाइयों पर लेकर जाना है। इस हेतु उन्होंने सुझाव देते हुये कहा कि काम करने वालों का सम्मान किया जाना चाहिए। अकारण किसी भी कार्य को लंबित न रखे और पर्यावरण के लिए निरंतर पौधरोपण करते रहें। आईटी आधारित काम करने पर उन्होंने जोर दिया साथ ही भूविस्थापितों के लंबित प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये।


अभियंताओं से चर्चा के दौरान श्री शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पूरे भरोसे के साथ पावर कंपनी की जिम्मेदारी दी है। इसलिए बतौर टेक्नोक्रेट मिलकर यह साबित करना है कि हमारी पॉवर कम्पनी सर्वश्रेष्ठ है। इस पर अपनी सहमति देते हुये प्रभारी मुख्य अभियंता एसपी चेलकर ने कहा कि आपके नेतृत्व में पावर कंपनी के सभी अभियंतागण आपकी बातों को सार्थक करेंगे।


अपने प्रवास के दौरान उच्चाधिकारियों के साथ श्री शुक्ला ने एलडीसीसी, गेवरा लाइन के ऊपर गैलरी लाइन इरेक्शन, 500 मेगावाट के विस्तार संयंत्र व एमसीआर और ईएसपी रेनोवशन की प्रगति, 210 मेगावाट के चारों संयंत्रों तथा मड़वा के विद्युत संयंत्र व आवासीय कालोनी के निरीक्षण उपरांत विभागीय अस्पताल भवन का शुभारंभ किया। मड़वा परियोजना के मुख्य अभियंता पीपी. मोडक एवं अन्य उच्चाधिकारियों के साथ श्री शुक्ला ने वहां स्थित चिकित्सालय का अवलोकन कर सर्वसुविधायुक्त बनाने पर जोर दिया।

कोरबा के सभागृह में चेयरमेन का सम्मान प्रबंध निदेशक केआरसी मूर्ति व प्रभारी मुख्य अभियंता एसपी चेलकर द्वारा कोरबा पश्चिम के अभियंताओं की ओर से शाल व स्मृति चिह्न भेंटकर किया गया। इसी क्रम में चेयरमैन ने विद्युत गृह विद्यालय क्रमांक 02 में जाकर विद्यालय की प्रगति और बच्चों के अचीवमेंट के बारे में प्राचार्य व शिक्षकों से चर्चा की। चेयरमैन के प्रवास के मौके पर विद्युत कंपनी मुख्यालय रायपुर से डायरेक्टर ओसी कपिला, कार्यपालक निदेशक (ओएंडएम) एनके बिजौरा, कार्यपालक निदेशक (वित्त) एमएस चौहान, कार्यपालक निदेशक (पीआरजी) पीके गिरदोनिया, मुख्य अभियंता (मासवि) एसएम गोवर्धन, मुख्य अभियंता (सिविल मेंटनेंस) एमआर बागड़े, मुख्य अभियंता (सिविल प्रोजेक्ट) देवेंद्र नाथ और कोरबा पश्चिम से प्रभारी मुख्य अभियंता एसपी चेलकर, डीएसपीएम के कार्यपालक निदेशक एमएस कंवर, मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) एसके बंजारा, मुख्य अभियंता (सिविल प्रोजेक्ट) राजेश वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएल पंचारी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया, आरके भागवत, अरूण वर्मा आदि उपस्थित थे।



# मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह सोल्लास सम्पन्न





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी मुख्यालय के गणतंत्र दिवस समारोह में पॉवर होल्डिंग-वितरण कम्पनी के प्रबंधक निदेशक श्री अंकित आनंद ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुये गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा एवं प्रबंध निदेशक श्री केआरसी मूर्ति सहित डायरेक्टर सर्वश्री जीएस मुखर्जी, एच आर नरवरे, ओसी कपिला, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एमजेड रहमान ने भी उपस्थितजनों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर श्री आनंद ने कहा कि 26 जनवरी 1950 से लागू संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है। संविधान की नीति निर्देशों का पालन करते हुये हमारा देश सर्वधर्म समभाव और सर्वत्र विकास की दृष्टि से विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान बनाने में कामयाब हुआ है। आज हम अपने प्रदेश में हुई उन्नति का आंकलन करते हैं तो यहां के हरेक क्षेत्र में हो रही उन्नति के पीछे बिजली की महत्वपूर्ण भूमिका हमें गौरवान्वित करती है।

समारोह में सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग के मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री टी.डीमोहरे, सुरक्षा अधिकारी श्री आरके साहू, सुरक्षा निरीक्षक श्री पीएस सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा सैनिकों एवं पंडित सुंदर लाल शर्मा विद्यालय, केपीएस सरोना विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दी। साथ ही सुरक्षा उपनिरीक्षक श्री ताराचंद बेन के नेतृत्व में बैण्ड दल ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति के साथ दी। समारोह का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# पॉवर कंपनी के महाप्रबधंक श्री रहमान की विदाई





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज से सेवानिवृत्त हुए महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एमजेड रहमान सहित अन्य कर्मचारियों को कंपनी मुख्यालय में 31 जनवरी को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र कुमार शुक्ला ने सेवानिवृत्त हुये श्री रहमान को प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुये कहा कि इंजीनियर अपने काम में परफेक्ट होता है। यह तथ्य छत्तीसगढ़ में हो रहे विद्युत विकास से स्पष्ट दिखाई देता है। ऐसे इंजीनियर बधाई के पात्र है। समारोह में एमडी (डिस्ट्रीब्यूशन) श्री अंकित आनंद, एमडी (ट्रांसमिशन) श्रीमती तृप्ति सिन्हा, एमडी (जनरेशन) श्री केआरसी मूर्ति एवं डायरेक्टर सर्वश्री जीसी मुखर्जी, एच आर नरवरे, ओसी कपिला एवं अजय दुबे ने भी मंगलकामनाओं की अभिव्यक्ति दी।

कार्यक्रम में अन्य सेवानिवृत्तजनों में शामिल श्रीमती ईरा पंत सर्वश्री एनसी मिश्रा, एसके पांडेय, मुकुंद राव, शंकर लाल यादव और पवन कुमार शर्मा को एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा एवं श्री योगेश नैयर ने किया।

# दुर्ग में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री मधुकर जामुलकर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। उन्होंने पॉवर कंपनीज के अधिकारियों-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विभागीय कार्यों की प्रगति के विषय में अवगत कराया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कर्मचारियों सर्वश्री एसडीख्वाजा, टी.रमेश, पांडुराम कुंजाम, जितेन्द्र कुमार सुकतेल, अमर सिंह धनकर एवं कृष्ण कुमार साहू, एसआरकौशिक को उन्होंने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता सर्वश्री केएसभारती, व्हीआर मौर्या, कार्यपालन अभियंता श्री एसएसबघेल, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय.कोसरिया एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री सोहनलाल अग्रवाल सहायक अभियंता श्री रवि चन्द्राकर सहित विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## पॉवर कम्पनीज की चलित झांकी हुई पुरस्कृत




गणतंत्र दिवस 2019 के अवसर पर राजधानी के पुलिस परेड ग्राउन्ड में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज द्वारा प्रदर्शित चलित झांकी को तीसरा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार मान. राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन एवं मान.मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के हाथों डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री अंकित आनंद एवं रायपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री आरके अवस्थी ने ग्रहण किया। झांकी के पुरस्कृत होने पर मुख्य अतिथियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। झांकी में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषकां के हित में लिये गये निर्णय से किसानों की खुशी को दर्शाया गया।

ऐसी उपलब्धियों पर केन्द्रित झांकी को मिले पुरस्कार के लिये एमडी श्री अंकित आनंद ने ईडी श्री अवस्थी एवं सर्वश्री एके लखेरा, आरकेश्रीवास्तव, एम विश्वकर्मा सहित झांकी निर्माण में लगी पूरी टीम की सराहना करते हुये बधाई दी। पॉवर कम्पनी की झांकी में प्रदेश में विद्युत से हुई अभूतपूर्व प्रगति को प्रदर्शित करते हुये बताया गया कि छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। साथ ही झांकी में "गढ़बो नवा छत्तीसगढ़" के नारा को उजागर करते हुये कुल उपभोक्ताओं की संख्या, ऊर्जीकृत कृषि पम्पों से किसानों की समृद्धि, अतिरिक्त उच्चदाब उपकेन्द्रों-लाईनों से सुदुर अंचलों तक विद्युत का पारेषण, भरपूर विद्युत का उत्पादन, उपभोक्ता सेवा सुविधा में हुई वृद्धि को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया।

## क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी में गणतंत्र दिवस का आयोजन



क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी रायपुर में गणतंत्र दिवस पर कार्यपालक निदेशक श्री के नारनवरे एवं श्री आरके अवस्थी सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर श्री नारनवरे एवं श्री अवस्थी ने गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा पॉवर कम्पनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु पूर्ण निष्ठा व लगन से कार्य करने का आव्हान किया।

समारोह में रायपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के उत्कृष्ट पुरस्कार हेतु चयनित



कर्मियों सर्वश्री ओगेन्द्र मरकाम, सतीष कुमार सोनी, सेवाराम डहरिया, नोगेन्द्र कुमार सोनी, रूपेश कुमार दीवार, प्रदीप कुमार सोनी, मनोज कुमार मरकाम, पंचराम साहू, श्रीमती रूचिता साटकर, विनयशंकर मिश्रा, एव्हीसुधाकर तथा वेद प्रकाश वर्मा, 84वां लेखा प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले श्री भोगेन्द्र कुमार सिन्हा को पदक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आईएल देवांगन ने आभार प्रदर्शन तथा संचालन कल्याण अधिकारी दीनानाथ वर्मा द्वारा किया गया. समारोह में कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा को स्वतंत्रता दिवस 2018 के अवसर पर घोषित पुरस्कार भी प्रदान किया गया। उन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि के 20-25 वर्षों से लंबित अंतिम भुगतान प्रकरणों के निराकरण हेतु उत्कृष्ट कार्य किया।

## गणतंत्र दिवस समारोह में जगदलपुर क्षेत्र की झांकी पुरस्कृत




जगदलपुर में आयोजित मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह में पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी जगदलपुर क्षेत्र द्वारा प्रदर्शित चलित झांकी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार प्रदेश के आबकारी, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री कवासी लखमा ने प्रदान किया। झांकी में 400 केव्ही सबस्टेशन, परचनपाल के साथ ही खेती एवं पढ़ाई के कार्य में बिजली से मिल रहे लाभ को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ता सेवा में वृद्धि, कृषि पम्प द्वारा खेती में उन्नति, घरों में खुशहाली, विद्यार्थियों को मिली सुविधा को भी बखूबी दर्शाया गया। पॉवर कंपनी के मुख्य अभियंता हर्ष गौतम सहित अन्य अधिकारी सर्वश्री रमेश कुमार ठाकुर, एनके कोयाम, केके दीवान, एवं सलीम खान की सूझबूझ से चलित झांकी जनाकर्षण का केन्द्र बनी रही।

# डीएसपीएम विद्युत गृह को मिला उत्कृष्टता पुरस्कार

## सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन, न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुवर-लाईन लॉस हेतु मनेन्द्रगढ़, नारायणपुर एवं सुकमा संभाग पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज द्वारा विद्युत विकास संग उपभोक्ता संतोष को अर्जित करने वृहद् स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं, फलस्वरूप विद्युत जनरेशन, पारेषण एवं डिस्ट्रीब्यूशन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज हुई है। प्रगति पथ पर आगे बढ़ते हुये अतिविशिष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाले विद्युत गृह एवं संभागों को गणतंत्र दिवस समारोह में डिस्ट्रीब्यूशन-होल्डिंग कंपनी के एमडी श्री अंकित आनंद एवं ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री केआरसी मूर्ति ने पारितोषिक प्रदान कर उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्ति के लिये शुभकामनाएं दी।

समारोह में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व को सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह का पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस हेतु नकद तीन लाख रूपये का पारितोषिक प्रदान किया गया। इसी तरह मनेन्द्रगढ़ संभाग को सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन, संचारण एवं संधारण संभाग सुकमा को न्यूनतम लाईन लॉस तथा संचारण-संधारण संभाग नारायणपुर को न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर हेतु 50-50 हजार रूपये का पारितोषिक प्रदान किया गया। उक्त पुरस्कार मुख्य अभियंता श्री आरके भागवत, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री राजेश ठाकुर, केएल उइके, एके गुप्ता ने ग्रहण किया।

## गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह के शुभारंभ समारोह में ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा, एमडी जनरेशन श्री केआरसी मूर्ति, होल्डिंग कंपनी के डायरेक्टर श्री अजय दुबे, खेल कला परिषद के महासचिव-कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एमएसचौहान ने खेल के महत्व को कार्यालयीन कार्यों के अलावा दैनंदिनी कार्यों के लिये भी महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद के कार्यालय सचिव डॉ. हेमन्त सचदेवा ने खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम का संचालन योगेश नैयर ने किया।



# पॉवर कंपनी में मना नववर्ष मिलन समारोह



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय विद्युत सेवा भवन में आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में अधिकारियों-कर्मचारियों ने एक-दूसरे के साथ नववर्ष की मंगलकामनाओं का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा एवं उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री केआरसी मूर्ति ने पॉवर कंपनीज की उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के साथ ही उपभोक्ता संतोष को बनाये रखने का आव्हान किया।

पॉवर कंपनीज की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के बैनर तले आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में डायरेक्टर सर्वश्री जीएस मुखर्जी, एच आर नरवरे, ओसी कपिला, अजय दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने समय की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए योजनाबद्ध कार्यशैली को जीवन में अपनाने का बल दिया।

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एवं कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एमएस चौहान ने नववर्ष मिलन समारोह के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# पॉवर कम्पनीज में पुलवामा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि





छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनीज मुख्यालय में जम्मू कश्मीर के पुलवामा में दिनांक 14 फरवरी को आतंकी हमले के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। विद्युत सेवाभवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला, प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, श्री केआरसी मूर्ति, डायरेक्टर श्री ओसी कपिला एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने आतंकियों के आत्मघाती हमले के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीद हुये जवानों की आत्मा की शांति हेतु मौन श्रद्धाजलि अर्पित की एवं उनके परिवारजनों को गहन शोक सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस अवसर पर देश की रक्षा के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों के नामों का स्मरण किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पॉवर कम्पनीज के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने कहा कि कश्मीर के पुलवामा के शहीद अमर रहेंगे और हमेशा देश की रक्षा के लिये प्रेरित करते रहेंगे।

# राजनांदगांव में श्री एच आर नरवरे निदेशक ने ली बैठक

राजनांदगांव एवं कबीरधाम जिले के विद्युत विषयक कार्यो की समीक्षा डायरेक्टर श्री एच आर नरवरे ने की। उन्होंने बकाया राशि वसुली एवं विभागीय कार्यो के प्रगति पर लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के संकेत दिए तथा बेहतर कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों की सराहना की।

बैठक में श्री नरवरे ने दोनों जिलों के सभी 54 वितरण केन्द्रों से संबधित 33/11 केव्ही लाइनों के तकनीकि व्यवधानों पर चर्चा करते हुए निदान के उपाय सुझाए। उन्होंने स्पॉट बीलिंग, मीटर रीडिंग, सिंचाई पंपों के विद्युतीकरण, एकीकृत ऊर्जा विकास योजना, सब-ट्रांसमिशन योजना आदि के कार्यो की समीक्षा की।





बैठक में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने कहा कि सभी मैदानी अधिकारी टीम भावना से कार्य करें, निर्धारित लक्ष्य एवं कंपनी के दायित्वों को पहली प्राथमिकता दें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य अभियंता टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री अविनाश सोनेकर, आर एन याहके, मंगल तिर्की, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री व्हीआरके मुर्ति, एनके सक्सेना, एस कंवर, रंजीत घोश, वीके महालया, नागेश्वर त्रिपाठी, ए उमरे, एसआर गुर्जर, डीपी बरूवा, सीएम कुमार, एचके गुप्ता, सहित सभी जोन कार्यालयों, उपसंभागों के सहायक अभियंता एवं सभी वितरण केन्द्रों के कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

# बिलासपुर में अधिकारियों/कर्मचारियों की भावभीनी विदाई

बिलासपुर क्षेत्र में माह नवम्बर-दिसम्बर में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों में सर्वश्री नरेन्द्र सिंह कुशवाहा, कुशाल, जयलाल अगरिया, टिबलू, पंचराम यादव, महेश कुमार जोशी, श्रीमती संगीता नायडू, बीपीतिवारी, गनपत एवं आरके देवांगन को प्रतिकात्मक भेंट, शाल श्रीफल से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने सेवा निवृत्तजनों को सपरिवार स्वस्थ खुशहाल जीवन की कामना की। विदाई समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री केके भगत,



अधीक्षण यंत्री, श्री एके श्रीवास्तव, श्री पीके कश्यप, वरिष्ठ विधि अधिकारी श्री बृजेन्द्र सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री अमर चौधरी, सीएम बाजपेयी, आरके कश्यप लेखाधिकारी श्री केएल मरकाम एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पॉवर कंपनी के उत्कृष्ट कर्मियों को मिला पुरस्कार



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी मुख्यालय में विद्युत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में छग शासन के विशेष सचिव (ऊर्जा) - डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री अंकित आनंद एवं ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री केआरसी मूर्ति ने पुरस्कृतजनों को पारितोषिक सहित प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया एवं बधाई दी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री एमजेड रहमान ने जानकारी दी कि अनेक कठिन चुनौतियों का सामना करते हुये विद्युत कर्मियों ने सौभाग्य योजना का क्रियान्वयन, उपकेन्द्रों का निर्माण, विभिन्न विद्युत इकाइयों की ट्रिप होने में कमी ऑन-लाईन आवेदन के लिए डिजीटल प्लेटफार्म एप्लीकेशन तैयार करने, उत्पादन संयंत्रों-परियोजनाओं हेतु भूमि चयन, पेंशन, न्यायलयों के लंबित प्रकरणों का निराकरण, बकाया राजस्व वसूली जैसे उल्लेखनीय कार्यों के लिए चयनित उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कृत किया गया, जो अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणास्पद हैं। पुरस्कृतजनों में राज्य स्तर के पुरस्कार प्राप्त कर्मियों में सर्वश्री शिवराम कौशिक, सुखधर नेताम, सुशील कुमार कोडापे, परमेश्वर प्रसाद पटेल, बजरंग बली विश्वकर्मा, लव कुमार कौशिक एवं केन्द्रीय कार्यालय स्तर पर सर्वश्री सेवक राम साहू, के नारायण राव, प्रशांत कुमार उरांव, एफए खान, कमलेश सिंह बनाफर, विरेन्द्र कुमार साहू, अंजली दुबे, केव्हीकेआर राव, जे.एल चन्द्रवंशी, जितेन्द्र कुमार साहू, संदीप कुमार अग्रवाल, आईके साहू, अल्पना शरद तिवारी, योगेश कुमार फरिकार सम्मिलित हैं।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय के विद्युत सेवाभवन प्रागंण में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए 30 जनवरी को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के बलिदानी सपूतों सहित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का स्मरण किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद, श्रीमती तृप्ति सिन्हा, श्री केआरसी मूर्ति एवं डॉयरेक्टर सर्वश्री जीसी मुखर्जी, एच आर नरवरे, अजय दुबे सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने मौन श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने शहीद दिवस के आयोजन एवं महत्ता को व्यक्त कर देश के बलिदानी सपूतों के महान कार्यो पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा का संयोजन उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) कार्यालय के वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री अतुल तिवारी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया।

# हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में विदाई समारोह




हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में दिसंबर माह में सेवानिवृत हुए सर्वश्री टीके हाजरा, संजय अभ्यंकर, शिवप्रसाद साहू व शिवकुमार कर्ष, विजय कुमार पंसारे, नूतन राज लाल, उमा भारद्वाज, लक्ष्मेंद्र प्रसाद यादव, बुचुराम, रामगोपाल कौशिक, नूरराज शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता राजेश वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसपी चेलकर, बीबीपी मोदी एवं एसके नायकने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट किया। साथ ही उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी पीआर खूंटे द्वारा किया गया।

# विद्युत दुर्घटना से बचाव पर केन्द्रित कार्यशाला का दुर्ग में आयोजन



दुर्ग क्षेत्र के मैदानी अमलों में कार्यरत विद्युत कर्मियों हेतु विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, कोहका में 06 फरवरी 2019 को किया गया। कार्यशाला में शामिल 250 से अधिक कर्मचारियों को कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार ने सुरक्षा उपकरणों एवं उपायों का कड़ाई से पालन करने प्रेरित किया। उन्होने कहा कि ज्यादातर हादसे मानवीय चूक से घटित होते हैं, अतः बचाव के साधनों का पूरा उपयोग करते हुए ही विद्युत प्रणालियों पर कार्य करना चाहिये।

कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम जामुलकर ने कहा कि सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज राड आदि जीवनरक्षक उपकरण है। इनकी नियमित तौर पर जांच करें और खराब होने पर तत्काल बदलें। इसी क्रम में अधीक्षण अभियंता श्री व्हीआर मौर्या द्वारा सुरक्षा उपकरणों के उपयोग को प्रायोगिक तौर से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी कर्मचारियों ने भी सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों को साझा किया।

कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री एसआर बांधे, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एआर सिंग, बीके बोरीकर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कबड्डी स्पर्धा में कोरबा पश्चिम विजेता बिलासपुर उपविजेता



कोरबा ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में आयोजित अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम की टीम ने बिलासपुर क्षेत्र को 26-9 से शिकस्त देकर यह चैम्पियनशिप अपने नाम किया। कोरबा पश्चिम की टीम ने मैच जीतने के बाद मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा से मिलकर उन्हें ट्राफी भेंट की। इस मौके पर मुख्य अभियंता ने कप्तान गुमान सिंह उर्वशा समेत पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में अच्छा खेलते रहने की शुभकामनाएं दी। कप्तान गुमान सिंह उर्वशा ने मुख्य अभियंता को अवगत कराया कि कोरबा पश्चिम की कबड्डी टीम लगातार 8 साल से अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता रही है। विजयी टीम में अनुज प्रताप सिंह, मनरूप सिंह कंवर, माखन कश्यप, रायसिंह कंवर, वेदांत शुक्ला, कृष्णा कश्यप, ईश्वर सिंह कंवर, मणिशंकर गांगुली, अक्षय कुमार भारिया और रवि मंगल कंवर शामिल रहे। कोरबा पश्चिम से राष्ट्रीय टीम में अनुज प्रताप सिंह, मनरूप सिंह कंवर, गुमान सिंह उर्वशा, ईश्वर सिंह कंवर, माखन कश्यप और रायसिंह कंवर का चयन हुआ।

# अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता में अंबिकापुर विजेता और कोरबा पश्चिम उपविजेता बना

कोरबा पश्चिम के लाल मैदान में 09 से 12 जनवरी 2019 तक आयोजित अंतरक्षेत्रीय हांकी प्रतियोगिता में अंबिकापुर को विजेता और कोरबा पश्चिम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अभियंता राजेश वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसपी चेलकर, बीबीपी मोदी, पंकज कोले, एसके नायक और आरके शास्त्री ने पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही खिलाड़ियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्पर्धा में पॉवर कंपनी और छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। पावर कंपनी में 1980 से लगातार हांकी खेल रहे रायपुर के शहजाद सुल्तान और दुर्ग के खिलाड़ी एसडी ख्वाजा और जेपी यादव अतिरिक्त मुख्य अभियंता बीबीपी के हाथों खेल मैदान पर सम्मानित किए गए।



कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी पीआर खूंटे द्वारा किया गया। क्रीड़ा सचिव आनंद मोखरीवाले और शशांक कर्महे ने खेल का आंखों देखा हाल सुनाया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में बसंत शाहजीत, सतीश ध्रुव, माट्रन जोशी, अतुल राय, देवेंद्र वर्मा समेत सिविल विभाग का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## बिलासपुर में गणतंत्र दिवस समारोह



बिलासपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने ध्वाजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद कर्मचारियों सर्वश्री श्यामहरण तंबोली, ईश्वर कुमार श्रीवास, खिलावन प्रसाद चंद्रा, कौशल राम साहू, गोपाल प्रसाद कश्यप, मनीष कुमार ठाकुर को उत्कृष्ट कार्य के लिए मैडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता केके भगत, कल्पना घाटे अधीक्षण अभियंता एके श्रीवास्तव, पीके कश्यप, अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी एसएल कोरटिया एवं कंपनी के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## राजनांदगांव क्षेत्र में गणतंत्र दिवस



राजनांदगांव क्षेत्र में कार्यपालक निदशक श्री संजय पटेल द्वारा ध्वजारोहण कर विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि हमारी पॉवर कंपनीज उपभोक्ता सेवा संस्थान है, उपभोक्ताओं का संतोष ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। राज्य शासन की कृषि नीति के अनुरूप किसानों की समृद्धि के लिए विद्युत क्रांति संग हरित क्रांति लाने हमें विशेष ध्यान केन्द्रित करना है। हर्ष की बात है कि राजनांदगांव जिला मई 2018 में ही शत-प्रतिशत विद्युतीकृत जिले का तमगा हासिल कर चुका है तथा कबीरधाम जिला इस ओर अग्रसर है, विद्युत विस्तार की दिशा में आगे बढते हुए लगभग 40 नवीन सब-स्टेशन का निर्माण कराया गया हैं। जिससे लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण हो गया है।

राजनांदगांव एवं कवर्धा जिले में विद्युत व्यवस्था एवं विभागीय कार्यो में सराहनीय कार्य करने वाले श्री राजेश साहू, श्रीमती सत्या देशलहरे, डोंगरगांव संभाग, श्री अवधेश ठाकुर, श्री नोहर लाल साहू सुश्री मनीषा देवांगन, श्री भारतलाल गंगबेर, श्री सुशील कुमार कोडापे, श्री आरके ठाकुर प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर मुख्य अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री अविनाश सोनेकर, आरएन याहके, एम तिर्की सहित बड़ी संख्या में अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। समारोह का संचालन कल्याण अधिकारी श्री अशोक पिल्लई ने किया।

## जगदलपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस



जगदलपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता श्री हर्ष गौतम ने ध्वजारोहण कर अधिकारी-कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने विद्युत कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हेतु दृढ संकल्पित होकर पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य संपादन का आव्हन किया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं लेखा तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बच्चों, महिलाओं एवं अधिकारियों कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक स्पर्धाएं भी आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं स्पर्धाओं के विजताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## कोरबा पूर्व में ध्वजारोहण



कोरबा पूर्व में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एसके बंजारा ने ध्वजारोहण किया एवं सुरक्षा सैनिकों के परेड की सलामी ली। उन्होंने समारोह में गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी के बाद से ऊर्जा उद्योग में काफी विकास हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे पुराना एवं प्रतिष्ठित कोरबा ताप विद्युत गृह ने अपने जीवन काल में निष्ठावान कर्मियों के कठिन परिश्रम से अनेक कीर्तिमान गढ़े। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री एचएन कोसरिया, श्री बीबीपी मोदी, बीडी बघेल, चंचल पैकरा एवं प्रेरणा महिला मंडल के पदाधिकारीगण श्रीमती निवेदिता बंजारा, श्रीमती सिन्धु मोदी, श्रीमती सोनिया बघेल उपस्थित थे। श्री कमलेश निषाद सुरक्षा निरीक्षक द्वारा परेड का नेतृत्व किया गया। कार्यक्रम में विद्युत गृह विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्वश्री राकेश जैन, विकास लकरा, नागभूषण सिंह, शिबु चौहान, हुनेश्वर सिंह राठौर तथा श्रम कल्याण समिति द्वारा 16 कर्मियों, 04 ठेका श्रमिको को उत्कृष्ट सेवा हेतु व्यक्तिगत सम्मान तथा 07 समूहों को ग्रुप अवार्ड से प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन श्री एचएल भगत, अधीक्षण अभियंता तथा संचालन श्री एसपी बारले वरिष्ठ कल्याण अधिकारी ने किया।

# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में परिचारकों का प्रशिक्षण




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में नवनियुक्त परिचारक लाईन (संविदा) के लिये केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में 11 जनवरी 19 को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री अंकित आनंद सहित डायरेक्टर सर्वश्री जीसी मुखर्जी, एच आर नरवरे तथा पीएसएससी नई दिल्ली के सीईओ श्री विनोद बिहारी ने प्रशिक्षणार्थियों को कार्यकुशलता के टिप्स दिये।

कार्यक्रम में एमडी श्री आनंद ने कहा कि बिजली की सहज उपलब्धता से उपभोक्ताओं की संख्या पचास लाख से ऊपर जा पहुंची है। उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिये कार्यभार में हुई बढ़ोत्तरी को दृष्टिगत रखते हुये बड़ी संख्या में लाईन परिचारकों की भर्ती की गई है। इन्हें दो माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवनियुक्त लाईन परिचारक विद्युत प्रणाली विषयक ज्ञान अर्जित करेंगे। इससे वे कार्यस्थल पर फिट रहेंगे तो हिट भी रहेंगे, अर्थात उपभोक्ताओं के साथ बेहतर संबंध संग प्रशंसा के पात्र बने रहेंगे।

इस अवसर पर डायरेक्टर श्री मुखर्जी ने कहा कि गांव, शहर, कृषि, कल-कारखानों तक सतत बिजली की आपूर्ति में लाईन परिचारकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, अतः स्वसुरक्षा के प्रति सतर्कता रखते हुये विद्युत प्रणालियों के जोखिम से बचने के लिये सुरक्षा उपकरणों का समुचित उपयोग आवश्यक है। इसी क्रम में डायरेक्टर श्री नरवरे ने नवनियुक्त कर्मियों को जनसेवक के रूप में अपनी पहचान बनाने प्रेरित किया। साथ ही सुरक्षा के प्रति सतर्कता की महत्ता को बताते हुये उन्होंने कहा कि अतिरिक्तिश्वास और अतिरिक्तसाहस में सुरक्षा उपकरणों को नजरदांज करना विद्युत दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनता है।

कार्यक्रम में पीएसएससी नई दिल्ली के सीईओ श्री विनोद बिहारी ने बताया कि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा प्रायोजित विद्युत क्षेत्रीय कौशल परिषद द्वारा देश भर के 75 हजार से अधिक ऊर्जा क्षेत्र के लोगों को प्रशिक्षित कर लिया गया है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पीएसएससी के श्री पीसी जैन ने तथा आभार प्रदर्शन मुख्य अभियंता श्री आर.बी. त्रिपाठी ने एवं संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सी एण्ड डी के तहत लाइनकर्मियों का प्रशिक्षण

राजनांदगांव के क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल द्वारा किया गया। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी द्वारा राजनांदगांव रीजन के अन्तर्गत आने वाले विभागीय संभाग यथा राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ, कवर्धा एवं पंडरिया के मैदानी कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यस्थल में बेहतर कार्य के सम्पादन हेतु राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत यह प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री पटेल ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुये कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा सहित कंपनी के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना ही लाईनकर्मियों की पहचान है। इस प्रकार के आयोजनों से तकनीकी विधाओं की जानकारी के साथ-साथ व्यवहार कुशलता में भी वृद्धि होती है। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह भी होता है कि कर्मचारी आपस में मिलकर चर्चा करे और एक



दूसरे की बेहतर कार्यशैली को ग्रहण कर कार्य का संपादन प्रभावी ढंग से करें।

विद्युत कम्पनी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में लाईन कर्मचारियों को भारत में विद्युत सेक्टर का परिदृश्य, सुधार की संकल्पना, आरजीजीवीवाई, आर-एपीडीआरपी, विद्युत अधिनियम 2003, बिजली संबंधी बुनियादी जानकारी, एटी एण्ड सी हानियां, ऊर्जा के मीटर, मीटरों के प्रकार और उनके उपयोग तथा एलटी सिंगल फेज और पॉली फेज मीटर, सीटी मीटरों सहित एलटी मीटर स्थापित और चालू करना, एचटी मीटरिंग उन्नत मीटरिंग- टाइम ऑफ डे मीटरिंग, मीटर रीडिंग उपकरण, टेली-मीटरिंग, पूर्व भुगतान मीटर, स्पॉट बिलिंग, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) मीटरिंग कोड, सुरक्षा प्राथमिक चिकित्सा एवं आग बुझाने के उपकरण, निजी बचाव के उपकरण और व्यवहार आधरित सुरक्षा, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट एवं संचार कुशलता आदि विषयों पर विषेशज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गये। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री मंगल तिर्की, श्री आरएन याहके, कार्यपालन अभियता श्रीमती एम नागवंशी, श्री एसआर गुर्जर, सहायक अभियंता श्री नुरेन्द्र साहू, कल्याण अधिकारी श्री अशोक पिल्लई, सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री डीएस मंडावी उपस्थित हुए।

# नवनियुक्त लाईन परिचारकों का कौशल विकास संबधी प्रशिक्षण



दुर्ग एवं राजनांदगांव क्षेत्र के नवनियुक्त लाईन परिचारकों के लिए ऊर्जा क्षेत्र कौशल विकास परिषद् (पीएसएससी) नई दिल्ली के तत्वाधान में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कोहका, भिलाई स्थित संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में 07 जनवरी 2019 में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर श्री एच आर नरवरे, कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार, श्री संजय पटेल, पीएसएससी के जीएम श्री अरुण भटनागर एवं संजय रुंगटा ग्रुप के चेयरमेन श्री संजय रुंगटा ने कार्यकुशलता की महत्ता को व्यक्त किया। श्री नरवरे ने कहा कि कंपनी के लाईन परिचारक सीधे तौर से उपभोक्ताओं से जुड़े होते है, अतः उनकी कार्यकुशलता के साथ ही व्यवहार का भी विशेष महत्व होता है। बिजली की आवश्यकता बच्चों से लेकर बुर्जुगों तक सभी को है। इनसे मधुर संबंध हेतु कार्यकुशल और व्यवहार कुशल होना सबके लिए हितकारी है। इसके अलावा लाईन परिचारकों के कंधे पर उनके परिवार की एवं उपभोक्ताओं की सुरक्षा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी होती है, इसलिए किसी भी कार्य में जल्दबाजी ना करें।

कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण से प्रशिणार्थियों की कार्यकुशलता संग व्यक्तित्व में भी निखार आता है अतः प्रशिक्षण को गंभीरता से लेना चाहिए। इसी क्रम में राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि बिजली किसी के साथ भेदभाव नहीं करती, अतः विद्युत दुर्घटना से बचने के लिए प्रणालियों में काम करते समय सजगता की नितान्त आवश्यता होती है।

आगे संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमेन श्री संजय रुंगटा ने कहा कि आज थ्योरिटिकल नॉलेज से ज्यादा प्रैक्टिकल नॉलेज महत्वपूर्ण है, अतः अनुशासन बनाये हुए प्रशिक्षण आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन संजय रुंगटा ग्रुप के डीन मो. साजिद अंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उच्चाधिकारी सर्वश्री एम जामुलकर, एसआर बांधे, व्हीआर मौर्या, केएस भारती, आरएन याहके, ए सोनेकर सहित अधिकारी एवं सभी प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित थे।

## केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के गुढ़ियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में बैच क्रमांक 32 कनिष्ठ यंत्री का प्रशिक्षण 29 अक्टूबर 18 से 24 जनवरी 19 तक संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा अपने तीन महीने की प्रशिक्षण अवधि को भावी जीवन के लिए महत्वपूर्व मानते हुये प्रशिक्षण संस्थान के सभी संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री आर बी त्रिपाठी ने प्रशिक्षणार्थियों को उनके पदस्थ क्षेत्रों में नई उर्जा के साथ कार्य करते हुए पूर्णनिष्ठा से कंपनी हित एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निदान करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अधीक्षण यंत्री श्रीमती मधुलिका मिंज, कार्यपालन यंत्री श्री एस पी सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री एन बिम्बिसार तथा संयोजन तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र के सहायक अभियंता श्री पी बी बंजारे ने किया।

## जगदलपुर में कर्मियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम



जगदलपुर में सी एण्ड डी श्रेणी के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एनर्जी मीटरिंग एवं बिलिंग विषय पर 22 एवं 23 जनवरी 19 को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री हर्ष गौतम ने प्रशिक्षण को कंपनी के हित में आवश्यक निरूपित करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण का अधिकाधिक लाभ उठाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री पी के शुक्ला, आर के ठाकुर, कार्यपालन अभियंता श्री एन के पोयाम, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री एस के साहू, सहायक अभियंता सर्वश्री सलीम खान, कौशलेन्द्र पाण्डे, एम के ध्रुव एवं प्रशांत कुमार उपस्थित थे। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र व टूल किट भी वितरित किये गये।

# कोरबा में पारेषण कंपनी की कार्यशाला



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी बेहतर कार्यसंस्कृति और समय प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कोरबा में किया गया। इसके अंतिम सत्र एवं समापन अवसर पर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (ओ एंड एम) बिलासपुर श्री ओपी सिंह ने कहा कि मानव जीवन में प्रशिक्षण का बड़ा महत्व है। इससे किसी भी व्यक्ति की कार्यदक्षता में वृद्धि होती है। यह प्रशिक्षण और भी उपयोगी हो जाती हैए जब कंपनी के कर्मी इसमें अपने अनुभव शेयर करते हैं। ट्रांसमिशन कंपनी के इस प्रशिक्षण कार्यशाला में औद्योगिक जीवन में बेहतर जीवन शैलीए शून्य दुर्घटनाए तनावमुक्त जीवन और योग ध्यान विषय पर व्याख्यान हुए। दो दिन तक चली इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट आफ इंडस्ट्रियल साल्यूशन एंड ट्रेनिंग (सीआईआईएसटी) के प्रशिक्षक डॉ. आरडी सिंह ने कहा कि जीवन में वही सफलता प्राप्त करता है जो हमेशा सीखते रहता है। यदि आपने सीखना बंद कर दिया तो जीतना बंद हो जाएगाए इसलिए अपनी प्रतिभा को सदैव निखारते रहें। उन्होंने गीता का उदाहरण देकर कर्मयोग से कार्यसंस्कृति विषय पर विस्तार से जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिया गया। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता श्री वीके दीक्षितए दिवाकर सिंह समेत अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# हसदेव ताप विद्युत गृह में विदाई समारोह



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से जनवरी माह में सेवानिवृत हुए अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके शास्त्री सहित सात कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। मुख्य अभियंता राजेश वर्मा समेत विशिष्ट अतिरिक्ति अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसपी चेलकर एवं पंकज कोले और एसके नायक ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट किया। इस अवसर पर श्रीवर्मा ने सेवानिवृत श्री शास्त्री एवं अन्य सेवानिवृतजनों के कार्यों की सराहना की एवं शुभकामनाएं दी। सेवानिवृतजनों में रमाकांत उपाध्याय, शेषनारायण यादव, अक्षय कुमार मिश्रा, हबील खलखो और सुकदेव प्रसाद गभेल, कंचन घोष एवं बालकृष्ण टेम्भेकर शामिल रहे। कार्यक्रम में सेवानिवृत हुए श्री शास्त्री, रमाकांत उपाध्याय और अक्षय कुमार मिश्रा ने अपने सेवायात्रा के अनुभव भी व्यक्त किये। कार्यक्रम का संयोजन, संचालन और आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी पीआर खूंटे द्वारा किया गया।

# जगदलपुर में अंतर्क्षेत्रीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत स्पर्धा सम्पन्न



केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद, विद्युत कंपनी रायपुर के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनीज की अंतर्क्षेत्रीय सुगम संगीत एवं गायन वादन स्पर्धा जगदलपुर में 28 एवं 29 जनवरी को सम्पन्न हुई। स्पर्धा में विद्युत कंपनीज के सात क्षेत्रों की टीमों द्वारा भाग लिया गया। स्पर्धा सुगम संगीत एवं फिल्मी गायन, वाद्य वादन एवं काव्य पाठ श्रेणी में आयोजित की गई। स्पर्धा का समापन अवसर पर मुख्य अभियंता श्री हर्ष गौतम द्वारा विजेताओ को पुरस्कृत कर बधाई दी गई एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की गई।

शास्त्रीय एवं गैर फिल्मी गायन श्रेणी में मड़वा जल विद्युत उत्पादन इकाई की कु.सीता कंवर महिला वर्ग में विजेता एवं केन्द्रीय कार्यालय की श्रीमती ईरा पंत उपविजेता रही। पुरुष वर्ग में बिलासपुर क्षेत्र के श्री मनोहर यादव विजेता बने जबकि उपविजेता रायपुर क्षेत्र के श्री सुनील कुमार कोरी रहे। सुगम संगीत एवं फिल्मी गायन महिला वर्ग में जगदलपुर की श्रीमती कीर्ति तिर्की विजेता रही एवं रायपुर क्षेत्र की श्रीमती जागृति इंग्ले उपविजेता बनी। जबकि पुरुष वर्ग के बिलासपुर क्षेत्र के श्री मनोहर यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं रायपुर क्षेत्र के श्री जगमोहन राव द्वितीय स्थान पर रहे।

वाद्य वादन श्रेणी में पुरुष वर्ग में रायपुर के श्री एमएलपाल विजेता एवं श्री शिव नारायण उपविजेता रहें। महिला वर्ग में वायलिन पर शानदार प्रस्तुति कु. सीता कंवर द्वितीय स्थान पर एवं कु. रेशमा संगीत स्पर्धा में विजेता रही। ताल वादन श्रेणी में रायपुर क्षेत्र के श्री मधु गढेवाल प्रथम रहे। नाल वादन की प्रस्तुति में हारमोनियम पर श्री एमएल पाल के साथ जुगलबंदी में श्रोताओं को झमने पर मजबूर कर दिया। द्वितीय स्थान पर मड़वा क्षेत्र के श्री सोमेष साहू रहें।

काव्य पाठ श्रेणी में पुरुष वर्ग में रायपुर क्षेत्र के श्री रसिक बिहारी अवधिया प्रथम, कोरबा पूर्व के श्री श्रीदत्त शुक्ल द्वितीय रहे। महिला वर्ग में रायपुर क्षेत्र की श्रीमती किरणलता वैद्य प्रथम एवं कोरबा पूर्व की श्रीमती अर्चना जोषी द्वितीय रही। स्पर्धा में तटस्थ निर्णायकों के रूप में बस्तर के प्रख्यात संगीतज्ञ श्री रतन व्यास, कवि एवं गायक श्री जोगेन्द्र महापात्र "जोगी" एवं संगीत शिक्षक डॉ. अमूल दयाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में विदाई समारोह



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में सेवारत विभिन्न अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर कंपनी मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। पॉवर ट्रांसमिषन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने सेवानिवृत मुख्य अभियंता श्री अनिल दीवान को प्रतीक चिन्ह प्रतीकात्मक भेंट देकर शुभकामनाओं की अभिव्यक्ति दी। इसी क्रम में प्रबंध निदेशक केआरसी मूर्ति, डायरेक्टर ओसी कपिला, जीसी मुखर्जी, अजय दुबे, ईडी. जेआर नेताम सहित अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृतजनों को शुभकामनाएं दी। पॉवर कंपनीज से सेवानिवृत हुए अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री जेआर पटेल, एमएल पॉल, विश्वनाथ वर्मा, गया प्रसाद साहू, तीरथराम साहू, रामअवतार मिश्रा और श्रीमती के सुजान्मा षामिल है।

सेवानिवृतजनों को शुभकामनाएं देते हुए श्रीमती सिन्हा ने कहा कि तीन-चार दषक तक सेवाएं देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की वजह हाइडल और थर्मल पॉवर प्लांट प्रोजेक्ट के साथ सबस्टेशनों के निर्माण में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। इसी क्रम में एमडी श्री मूर्ति ने कहा कि सेवानिवृत कर्मियों की सूझबूझ और कार्य के प्रति कर्मठता अन्य सेवानिवृतजनों के लिए प्रेरणादायक है। हमारे सेवानिवृतकर्मी हर समस्या का समाधान सहजता से ढूंढने में दक्ष रहे है। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा एवं योगेश नैयर ने किया।




# ट्रांसमिशन कंपनी के छह कर्मी उत्कृष्ट सेवा के लिए पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कर्मियों को प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा द्वारा पुरस्कृत किया गया। मैडल और पांच-पांच हजार रुपए पारितोषिक से पुरस्कृत हुये कर्मियों में नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर के दुर्गम वनों में हाईटेंशन क्षमता के लाइन विस्तार में अहम भूमिका निभाने वाले शामिल हैं, जिनके अथक प्रयासों से बस्तर में 400 केवीए सब स्टेशन और 400 व 132 केवीए लाइन ऊर्जीकृत हो सकी। डंगनिया स्थित मुख्यालय के भार प्रेषण केन्द्र सभाकक्ष में पुरस्कृतजनों को बधाई देते हुये एमडी श्रीमती सिन्हा ने कहा कि पुरस्कार मिलने से एक प्रोत्साहन का वातावरण बनता है। सभी कर्मचारी अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन कुछ को बेहतर काम करने के लिए पुरस्कृत किया जाता है, ताकि दूसरे उनके कार्यक्षमता से प्रेरित हो सकें।

इस मौके पर श्री बद्रीप्रसाद साहू को 132 केवीए भानुप्रतापपुर-रावघाट पारेषण लाइन को पूरा करने, श्री अश्वनी कुमार को 400 केवी रायता-जगदलपुर लाइन में आए ब्रेक डाउन को चालू करने, मोहन कुमार देवांगन को 132 केवीए मुंगेली-लोरमी लाइन को पूरा करने, एस मुखर्जी को पखांजूर में स्थापित 40 एमवीए ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग और कमीशनिंग कार्य वर्षाऋतु में करने, एम राजशेखर को रसमड़ा, साजा, नवागढ़ कम समय में 160 एमवीए ट्रांसफार्मर की वायरिंग व कमीशनिंग कार्य समय पर पूरा करने के लिए तथा उमाशंकर वस्त्राकर को उल्लेखनीय कार्य के लिये पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डीजीएम (एचआर) श्री आरके श्रीवास्तव ने तथा कार्यक्रम संचालन श्री योगेश नैयर ने किया। इस मौके पर कार्यपालक निदेशक सर्वश्री केएस मनोठिया, डब्ल्यूआर वानखेड़े, वीके चड्ढा, मुख्य अभियंता श्री ओपी सिंह, पीके गुप्ता, एके श्रीवास्तव और महाप्रबंधक (वित्त) वाईबी जैन सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।




## गणित को जानें

गणित अर्थात Mathematics ग्रीक शब्द Mathema से बना है, इसका अर्थ होता है ज्ञान अथवा सीख। गणित जितना जटिल है उतना ही रुचिकर भी है। 22 दिसंबर वह दिवस है जिसे राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के गणित की दुनिया में आर्यभट्ट, श्रीनिवास रामानुजन, शकुंतला देवी, सीआर राव और सीएस शेषाद्री का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। इन गणितज्ञों में आर्यभट्टजी को सबसे बड़े भारतीय गणितज्ञ कहा जाता है। उन्होंने ही यह बताया था कि धरती गोल है और सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने में उसे 365 दिन का वक्त लगता है। भारत के पहले उपग्रह का नाम आर्यभट्ट ही रखा गया था। आधुनिक काल के महानतम गणितज्ञों में श्रीनिवास रामानुजन की गिनती होती है। ऐसे ही बैंगलोर में जन्मीं शकुंतला देवी की गणितीय ज्ञान के कारण उन्हें मानव कंप्यूटर भी कहा जाता है।

# बिलासपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन



बिलासपुर में 25 जनवरी 2019 को "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" के अवसर पर प्रशासनिक भवन प्रांगण तिफरा में पॉवर कंपनियों के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा "शपथ" ली गई। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री भींम सिंह कंवर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री केके भगत, अधीक्षण अभियंता श्री पीके कश्यप, वरिष्ठ विधि अधिकारी श्री बृजेन्द्र सिंह, कार्यपालन यंत्री श्री पीआर साहू, श्री अमर चौधरी, श्री एसके दुबे, श्री एसके जांगड़े एवं कंपनी के सभी अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## दुर्ग में मतदाता दिवस पर शपथ



दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में 25 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अति. मुख्य अभियंता श्री एम जामुलकर के नेतृत्व में अधिकारियों-कर्मचारियों ने लोकतंत्र के प्रति आस्था सहित मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। उन्होंने धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता द्वय सर्वश्री केएस भारती, व्हीआर मौर्या, कार्यपालन अभियंता श्री एसएस बघेल एवं श्रीमती सनीली चौहान तथा वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाई कोसरिया सहित विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## राजनांदगांव में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली शपथ



राजनांदगांव क्षेत्र में 25 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता द्वय श्री आर एन याहके, मंगल तिर्की, कार्यपालन अभियंता श्रीमती एम नागवंशी, डीपी बरूवा सहित कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ ली कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगें तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।



# स्वर्ण पदक से अलंकृत हुई कु. एन. कुरियन

पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के सभागृह में 4 मार्च 2019 को आयोजित 24वें दीक्षांत समारोह में कु. एन. कुरियन को स्वर्ण पदक व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार उन्हें एम.ए. मनोविज्ञान में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान अर्जित करने हेतु छत्तीसगढ़ की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदी बेन पटेल, मान. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल तथा श्री गोपाल कृष्ण गांधी के हाथों प्रदान किया गया। विदित हो कि कु. एन कुरियन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक कार्यालय रायपुर में निज सहायक के पद पर पदस्थ श्री कुरियन फिलीपोस तथा एससीईआरटी रायपुर में सहायक प्राध्यापक श्रीमती जेस्सी कुरियन की प्रतिभाशाली सुपुत्री हैं। कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय देवेंद्र नगर से एम.ए. (मनोविज्ञान) की उपाधि प्राप्त कु. कुरियन इस सम्मान का श्रेय अपने गुरुजनों एवं बड़ों के आशीर्वाद को देती हैं। बधाई...

# पॉवर कंपनीज लॉन टेनिस स्पर्धा में रायपुर सेन्ट्रल विजेता - कोरबा पूर्व उपविजेता




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद रायपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 15 जनवरी को त्रि-दिवसीय अंतर्क्षेत्रीय लॉन टेनिस स्पर्धा का शुभारंभ यूनियन क्लब रायपुर में कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एमएस चौहान एवं कार्यपालक निदेशक सर्वश्री आरके अवस्थी, केएस मनोठिया, मुख्य अभियंता श्री एपी सिंह की उपस्थिति में हुआ।

स्पर्धा में रायपुर सेन्ट्रल विजेता एवं कोरबा पूर्व की टीम उपविजेता रही। इसी तरह ओपन सिंगल्स और ओपन डबल्स मैच में श्री आरके बंछोर, श्री व्हीके विश्वकर्मा, श्री एसके शर्मा विजेता एवं उपविजेता आरके शास्त्री एवं एसके सोनपुरे रहे। तीन दिवसीय स्पर्धा में मुख्य निर्णायक की भूमिका श्री अर्जुन सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया।

विजयी प्रतिभागियों को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कलापरिषद के महासचिव कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एमएस चौहान, यूनियन क्लब के सचिव श्री गुरूचरण सिंह होरा, कार्यपालक निदेशक सर्वश्री आरके अवस्थी, केएस मनोठिया, मुख्य अभियंता श्री एपीसिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एमजेड रहमान ने पुरस्कार प्रदान किया। इन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्पर्धा में पॉवर कंपनी एवं छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन श्री योगेश नैयर ने किया। विजेता टीम रायपुर सेन्ट्रल में सर्वश्री एमएसचौहान, केएस मनोठिया, व्हीके विश्वकर्मा तथा उपविजेता कोरबा पूर्व की टीम में सर्वश्री बीके साव, केडी चौरसिया, एसके सोनपुरे एवं संदीप श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

# राजनांदगांव में विद्युत कर्मियों ने दी अमर शहीदों को श्रंद्धाजली



राजनांदगांव में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में मनाये जाने वाले "शहीद दिवस" के अवसर पर दिनांक 30 जनवरी 19 को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सर्वोच्च न्यौछावर करने वाले विभूतियों के त्याग और बलिदान के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए विद्युतकर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में अधीक्षण अभियंता श्री मंगल तिर्की, कल्याण अधिकारी श्री अशोक पिल्लई, निज सचिव श्री केके देवांगन सहित प्रशासनिक भवन स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# उपनिरीक्षक श्री प्रभुशरण सिंह का पद अलंकरण




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के सुरक्षा एवं सतर्कता विभाग में कार्यरत उपनिरीक्षक श्री प्रभुशरण सिंह ठाकुर की पदोन्नति पर पद अलंकरण 16 जनवरी को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवा भवन में डायरेक्टर श्री अजय दुबे के साथ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एमजेड रहमान ने किया साथ ही श्री सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर डायरेक्टर श्री दुबे ने नव पदोन्नत श्री सिंह के साथ ही सुरक्षा अधिकारी श्री आरके साहू के साथ चर्चा करते हुए सुरक्षा विभाग को चुस्त-दुरूस्त बनाने परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि सामान्य अधिकारियों-कर्मचारियों से परे वर्दीधारी अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी अलग से ही विशेष दिखाई देती है, अतः वर्दी की मान-मर्यादा के अनुरूप कार्य करने वाले वर्दीधारी अधिकारी की पहचान भी खास बन जाती है।

कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवा भवन में आयोजित अलंकरण कार्यक्रम के अवसर पर पॉवर होल्डिंग कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा, उपमहाप्रबंधक श्री सुनील खरे, प्रबंधक श्री पंकज सिंह, सुरक्षा अधिकारी श्री आरके साहू आदि ने भी नव पदोन्नत श्री प्रभुशरण सिंह को भविष्य में बेहतर कार्य करने और अवसर मिलने के लिए शुभकामनाएं दी।


# मान. मुख्यमंत्री द्वारा गोविंद पटेल की पुस्तक का विमोचन



मान. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने श्री गोविंद पटेल की पुस्तिका 'तकदीर बदल सकते हैं सुनहरे दाने' का विमोचन विधानसभा स्थित अपने कक्ष में 21 फरवरी को किया। श्री पटेल छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी रायपुर में सहायक प्रकाशन अधिकारी हैं। इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ में होने वाली धान की खेती और उससे किसानों को समृद्ध बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई है। इसका प्रस्तावना प्रसिद्ध कृषि विशेषज्ञ श्री देविंदर शर्मा ने लिखा है, जिसमें उन्होंने धान और गरीबी को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए इससे बाहर निकलने की उपायों पर चर्चा की है। पुस्तक के लेखक श्री पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में में धान की खेती ही ऐसा उपाय है, जिससे सभी किसानों को समृद्ध किया जा सकता है। लिहाजा इसकी खरीदी से लेकर उपभोग की श्रृंखला को उपयोगी बनाने इस पुस्तक में सुझाव दिये गए हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में सुगंधित धान की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, लेकिन इसकी अलग से खरीदी और मिलिंग कर मार्केटिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। इसे जैविक चावल के रूप में प्रोत्साहित कर किसानों को बेहतर मूल्य दिलाया जा सकता है। श्री गोविन्द की दो और पुस्तकें टमाटर की बंपर पैदावार और बढ़ती लागत, घटता मुनाफा भी प्रकाशित हो चुका है। इन्हें राज्योत्सव 2009 में चंदूलाल चंद्राकर पत्रकारिता अलंकरण से सम्मानित भी किया जा चुका है।

# राजनांदगांव में विद्युतकर्मी को कार्यपालक निदेशक ने किया पुरस्कृत

राजनांदगांव संभाग के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू विद्युत व्यवस्था, विद्युत लाइनों व उपकरणों के रखरखाव, उपभोक्ता सेवा एवं कार्यालीन कार्यों में सराहनीय भूमिका निभाने वाले विद्युतकर्मी श्रीमती सोमी खोब्रागढ़े, श्री नरेन्द्र कुमार साहू, मो. याकुब खान एवं श्री ब्रिजेष देवांगन को 04 जनवरी 2019 को आयोजित सादे समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि कंपनी के सौंपे गये कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता से संपादित करना समर्पित अधिकरियों एवं कर्मचारियों की पहचान है, वे पूरी जिम्मेदारी से सेवा देकर सहकर्मियों को भी उत्कृष्ट कार्य हेतु सदैव प्रेरित करते है। विद्युत सेवा प्रणाली में टीम वर्क का महत्वपूर्ण स्थान होता है। नववर्ष के अवसर पर सम्मानित हुए विद्युतकर्मियो को अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री टी.केमेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश सोनेकर, श्री आरएन याहके, एम तिर्की, कार्यपालन अभियंता श्री व्हीआरके मुर्ति, श्री ए उमरे, श्री एसआर, गुर्जर, श्रीमती एम नांगवंशी, श्री एनके सक्सेना, श्री सुनील भुआर्य, श्री डीपी बरूवा सहित राजनांदगांव क्षेत्र में पदस्थ समस्त अधिकारियों तथा कमचारियों ने बधाई एवं शुभकामनांए दी।





**श्री राजेश वर्मा**
मुख्य अभियंता,
कोरबा पश्चिम ताप
विद्युत गृह

## जीवन परिचय

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कोरबा पश्चिम ताप विद्युत गृह में मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थ श्री राजेश वर्मा का जन्म 21 जून 1957 को रायपुर में हुआ। आपको जीवनयात्रा में अपनी माता स्वर्गीया सावित्री एवं पिता स्व. बीपी वर्मा से सुसंस्कार संग अनवरत् आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। आपने वर्ष 1974 में बिलासपुर से हायर सेकण्डरी तथा वर्ष 1979 में बिलासपुर इंजीनियरिंग कालेज से बी.ई. की उपाधि प्राप्त की। शिक्षा की पूर्णता के उपरांत आपने वर्ष 1981 में अपनी सेवायात्रा सहायक अभियंता (प्रशिक्षु) के रूप में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल कोरबा से आरंभ की। आगे वर्ष 1998 में कार्यपालन अभियंता, 2007 में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई। इन पदों पर आपने कोरबा पूर्व, पश्चिम तथा कंपनी मुख्यालय रायपुर में अपनी सेवायें दी।

विद्युत उत्पादन तथा विद्युत संयंत्रों से संबंधित जिम्मेदारियों का आपने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया, फलस्वरूप आगे वर्ष 2016 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं वर्ष 2018 में मुख्य अभियंता के पद पर आपको पदोन्नति प्राप्त हुई। इन पदों पर आपने कोरबा पश्चिम, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में अपनी सफलतम सेवायें दी। आपके नेतृत्व में विद्युत संयंत्रों ने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन को प्रदर्शित किया। आपकी सेवायात्रा में अनेक ऐसे अवसर आये जब आपके कार्यों को न केवल सराहा गया बल्कि पुरस्कृत भी किया गया। विद्युत संयंत्र के टरबाईन में आई खराबी के त्वरित सुधार हेतु आपको पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त हुआ।

कार्यो के कुशल निष्पादन के साथ ही अपनी सक्रियता को बनाये हुये फुटबाल, क्रिकेट और शतरंज के खेल को बढ़ावा देने में भी उल्लेखनीय भूमिका अदा की। ज्ञानार्जन के क्षेत्र में भी आप जीवन यात्रा में आगे बढ़ते रहे हैं। आपने एल.एल.बी. एवं डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट की शिक्षा भी प्राप्त की है। आप बॉयलर, आपरेटिंग इंजीनियर्स सिलेक्शन बोर्ड रायपुर के सदस्य भी है। सेवायात्रा में मिली सफलताओं का मूलमंत्र आप अनुशासन, ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा, कार्य के प्रति लगन को मानते हैं।

### अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# फाइनल मुकाबले में रायपुर क्षेत्र बना चैंपियन

पॉवर कंपनीज द्वारा आयोजित अंतरक्षेत्रीय विद्युत क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकालबे में रायपुर क्षेत्र ने मड़वा प्रोजेट की टीम को 53 रनों से करारी शिकस्त देते हुए प्रतियोगिता का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। युगातंर स्कूल मैदान में खेले गये इस टूर्नामेंट के निर्णायक मैच में पूर्व विजेता रहे रायपुर क्षेत्र की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जिसे उसके ओपनर गौरव डोंगरे एवं नितिन सेमुएल ने सही साबित करते हुए मड़वा प्रोजेक्ट के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर गौरव के 79 गेंदों पर 11 चौकों एवं 06 छक्कों की मदद से 96, नितिन के 31 एवं रोहित के 36 रनों की परियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 214 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इस विशाल स्कोर के पीछा करने उतरी मड़वा प्रोजेक्ट की टीम रायपुर के धारदार गेंदबाजी एवं जबरदस्त क्षेत्ररक्षण के आगे घुटने टेकते हुए 20 ओवरों में 162 रन ही बना सकी और यह मैच रायपुर क्षेत्र 53 रनों से विजय होकर इस प्रतियोगिता का खिताबी सरताज बन गया। इस मैच में शानदार पारी के लिए गौरव को मैन आफ दि मैच चुना गया। इस पूरे प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मड़वा टीम के खिलाड़ी दिनेश मेश्राम को प्लेयर आफ दि सीरिज प्रदान किया गया। इसके पूर्व हुए सेमीफाइनल मुकाबलों में पहला मैच मड़वा प्रोजेक्ट ने कोरबा पूर्व को तथा दूसरे मैच में रायपुर क्षेत्र ने कोरबा पश्चिम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वाधान में 04 से 09 फरवरी 2019 तक आयोजित छः दिवसीय अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता रायपुर क्षेत्र की टीम को शील्ड एवं उपविजेता रही मड़वा प्रोजेक्ट की टीम को रनर शील्ड प्रदान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेलभावना का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रयास और मेहनत ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश सोनेकर, श्री आरएन याहके, श्री मंगल तिर्की, क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव श्री अशोक उमरे, कार्यपालन अभियंता श्री व्हीआरके मुर्ति, श्री रंजीत घोष, केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री शंकर नायडु, सहायक अभियंता सर्वश्री एमके साहू, एनके साहू, श्री प्रशांत तिवारी, श्री अशोक मोरे, श्री विरेन्द्र श्रीवास्तव, श्री चन्द्रभान सिंह, श्री शैलेन्द्र शर्मा, श्री दिलेश्वर राव, श्री मानसिंह सिन्हा, श्री रामकुमार, श्री लीलाधर साहू, श्री नरोत्तम साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रशांत तिवारी द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव श्री अशोक उमरे द्वारा किया गया।

# विद्युत कर्मियों ने दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि



दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभूतियों के त्याग और बलिदान के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए विद्युतकर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार, अधीक्षण अभियंता श्री केएस भारती, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय कोसरिया सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# व्हालीबॉल प्रतियोगिता में कोरबा पूर्व सिरमौर




पावर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में रायपुर सेंट्रल की टीम को हराकर कोरबा पूर्व की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में आयोजित स्पर्धाओं में नौ टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य अभियंता पीपी मोडक ने विजेता कोरबा पूर्व एवं उप विजेता रायपुर सेंटल की टीम को ट्राफी एवं शील्ड भेंट किया। इस मौके पर मुख्य अभियंता श्री मोडक ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के खेल भावना की सराहना की। स्पर्धा के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में अतिरिक्त मुख्य अभियंता अरूण वर्मा, क्षेत्रीय क्रीडा एवं कला परिषद एसके बिश्वास उपस्थित रहे। तीन दिवसीय मैचों में रेफरी की भूमिका दिनेश चौधरी, कृष्ण कुमार पटेल एवं रायगढ़ खेल प्रशिक्षक ठाकुर गुप्ता ने निभाया। मैच का आंखों देखा हाल चंद्रशेखर पटेल व उनके सहयोगी दिनेश मेश्राम ने सुनाया। क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव एनके इंग्ले ने आभार प्रदर्शन किया।

# संकल्प महिला मंडल द्वारा आनंद मेला का आयोजन




रविंद्र भवन परिसर (सीनियर क्लब) कोरबा पश्चिम में 19 जनवरी को आयोजित संकल्प महिला मंडल के आनंद मेला का शुभारंभ मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा द्वारा किया गया। संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अंजली वर्मा समेत पदाधिकारियों द्वारा उनके स्वागत उपरान्त करमा नर्तक दल ने नृत्य के साथ अभिनंदन किया। मेले में स्थापित 16 स्टालों पर सजाए गए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन का अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री एसपी चेलकर, पंकज कोले, आरके शास्त्री, एसके नायक और एआर कुम्भकार, डीएसपीएम के कार्यपालक निदेशक एमएस कंवर एवं श्रीमती कंवर, कोरबा पूर्व पीजीटीआई के मुख्य अभियंता एसके बंजारा, कोरबा पूर्व के अतिरिक्त मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने भी भरपूर आनंद लिया। अतिथियों द्वारा लक्की गेम, भाग्य चक्र, बाऊलिंग खेल एवं हौजी गेम्स भी खेला गया। इस मौके पर संकल्प महिला मंडल से उपाध्यक्ष द्वय वंदना कोले व सीमा नायक, सचिव सपना लहरी, सहसचिव शशि देशमुख, कोषाध्यक्ष शशि नायक, खेल सचिव मंगला गुर्जर व स्मिता करकरे, सांस्कृतिक सचिव माधुरी जायसवाल व मंजूषा बरड़िया समेत सभी सदस्याओं ने आनंद मेला को नाम के अनुरूप बनाने सक्रिय भागीदारी दी।

# हसदेव ताप विद्युत गृह में ऊर्जा सरंक्षण सप्ताह



हसदेव ताप विद्युत गृह में 14 से 20 दिसंबर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। मुख्य अभियंता राजेश वर्मा ने ऊर्जा संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परंपरागत ऊर्जा के स्रोत सीमित हैं। वायु व सौर ऊर्जा ही हमारे लिए ऊर्जा के विकल्प हैं। भविष्य में हमारे सामने जलसंकट भी बड़ी समस्या होगी। इसलिए हम सोच-समझकर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करें। अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसपी चेलकर ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण की आदतों को दैनिक जीवन में अपनाकर ऊर्जा की बचत कर सकते हैं। अतिरिक्त मुख्य अभियंता बीबीपी मोदी ने कहा कि जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उसके अनुसार ही उपयोग करें।



दक्षता प्रकोष्ठ के कार्यपालन अभियंता डीके राठौर ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सप्ताहभर आयोजित कार्यक्रमों का विवरण पेश किया। उर्जा संरक्षण से संबंधित विभिन्न स्पर्धाओं में वंशिका सिंह, द्रक्ष बरड़िया, भूमि देवांगन, देविशा कर, मोक्षा पैकरा, ओमिशा कर, हंसिका सिंह, मानसी अग्रवाल, पलक वर्मा, इप्शिता रावटे, दृष्टि नायक, प्रज्जवल राय, भरत लहरे, कमल किशोर शुक्ला, विशाल सिंह कंवर, राजेश कुमार चौधरी, रमेश कुमार जैस, कमलेश सिंह ठाकुर, हरनारायण राठौर, रामेश्वरी पैकरा, आईए अंसारी, रविंद्र साहू, शिल्पा विश्वास, गुनीता धुरव, गौरी यादव और रामेश्वरी रजक ने पुरस्कार जीते। निर्णायक की भूमिका निभाने वाले बीपी पाटले और एएस मरावी को सम्मानित किया गया। अतिथियों और प्रश्नमंच के कुशल संचालन के लिए दिव्या गढ़पाले व मंच संचालन के लिए रविंद्र साहू को भी स्मृति चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता पीपी कुजूर तथा संचालन संयंत्र सहायक रविंद्र साहू ने किया।

# एचटीपीएस में नेत्र रोग परीक्षण शिविर



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के चिकित्सालय में नेत्र रोग परीक्षण व उपचार शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अभियंता राजेश वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 101 अधिकारियों व कर्मचारियों ने नेत्र परीक्षण व उपचार का लाभ लिया। शिविर में पॉवर कंपनी से सम्बद्ध आर्शीवाद नेत्र चिकित्सालय बिलासपुर के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एली मढ़रिया ने अत्याधुनिक उपकरणों एवं प्रशिक्षित सहयोगियों के साथ मरीजों के नेत्रों की जांचकर उपचार किया। डॉ. मढ़रिया के अनुसार अधिकांश मरीजों में नेत्र रोग के प्रमुख कारणों में तनाव या मधुमेह होना पाया गया है। उन्होंने मरीजों को समुचित ध्यान रखने एवं समय पर उपचार कराकर रोगों को नियंत्रित रखने की सलाह दी है। इस मौके पर मुख्य अभियंता राजेश वर्मा द्वारा डॉ. एली मढ़रिया को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। शिविर के सफल आयोजन में अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एके वाजपेयी, डॉ. मंजुला साहू, डॉ. सीपी जायसवाल, डॉ. रेणु कौशिक, डॉ. श्वेताबंरी महंता, स्टाफ नर्स मीनाक्षी लाल, उषा राजपूत, फार्मासिस्ट बीबीएल श्रीवास्तव, धीरेंद्र सिंह, नरेंद्र चंद्रा, कक्ष सेवक श्री प्रसन्ना एवं अकाउंटेंट एसके यादव और यशपाल डहरिया समेत सभी कक्ष सेविकाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# कोरबा पूर्व में आनंद मेला




कोरबा पूर्व में प्रेरणा महिला मंडल द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या एवं आनंद मेला का आयोजन कलेक्टर श्री मोहम्मद अब्दुल कैसर हक, कार्यपालक निदेशक श्री एमएस कंवर एवं श्री एसके बंजारा मुख्य अभियंता की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री हक ने कहा कि मधुर औद्योगिक संबंध बनाने के लिए औद्योगिक प्रतिष्ठानों में महिला मंडल द्वारा आयोजित किये जाने वाला आनन्द मेला सराहनीय है। मेला स्थल पर विभिन्न व्यंजनों के लगाये 20 स्टॉल का आनंद उपस्थितजनों ने लिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही श्री बीबीपी मोदी के संचालन में आरकेस्ट्रा ऑन करोके कलाकारों द्वारा सुमधुर देश भक्तिगीत प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर श्री हक द्वारा प्रस्तुत गीत जनसमुदाय को मंत्र मुग्ध कर दिया।

समारोह में अध्यक्ष श्रीमती शकुन्तला कंवर एवं वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीमती निवेदिता बंजारा, श्रीमती सुरेखा पाठक, श्रीमती शशी कोसरिया, श्रीमती अंजलि भागवत, श्रीमती सिन्धु मोदी, श्रीमती सोनिया बघेल, श्रीमती हंसा सेलेट, श्रीमती स्नेहलता एक्का, सचिव श्रीमती निलिमा जैन, श्रीमती मीथला सिदारए श्रीमती अंजना मंडलोई, सचि खरे, अनिता टंडन, विजेता साहू आदि सभी सदस्याओं का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन श्री एचएनकोसरिया एवं संचालन श्री एसपीबारले तथा श्री देवेश दुबे द्वारा किया गया।

# मां के सपनों को पूरा करने और समाजसेवा के लिए राज्य पीएससी की राह चुनीं सीमा-गीतिका बनीं डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी



कु. सीमा पात्रे



कु. गीतिका साहू

समाज में कुछ नया बदलाव लाने, दूसरों से अलग करने की चाहत और मां के सपनों को पूरा करने और समाज की सेवा के लिए कोरबा की एचटीपीपी कालोनी की कु. सीमा पात्रे एवं कु. गीतिका साहू ने आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। इनका चयन छत्तीसगढ़ राज्य सेवा आयोग 2017 की परीक्षा में क्रमशः डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी के पद के लिए हुआ। मुख्य अभियंता राजेश वर्मा ने दोनों की उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए समाज व जीवन में बेहतर करने की शुभकामनाएं दी।

डिप्टी कलेक्टर के लिए चयनित पावर कंपनी के कर्मचारी रहे स्वर्गीय आरडी पात्रे की सुपुत्री सीमा पात्रे गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर से बीई. पास आउट है। इन्हें शार्ट फिल्मों और उनकी स्क्रिप्ट लिखने में अभिरूचि है। सिविल सेवा के क्षेत्र में करियर बनाने के बारे वह बताती हैं कि बात वर्ष 2003 की है जब कोरबा जिले की कलेक्टर ईशिता राय थीं। गणतंत्र दिवस के मौके पर सुरक्षा बल का निरीक्षण करतीं हुई उनकी तस्वीर 28 जनवरी के अखबारों में छपी थी। इसे देखकर उनकी मां पुष्पा ने सीमा से कहा कि तुम्हें भी एक दिन ऐसा ही नाम कमाना हैं। बस क्या था, यह बात सीमा के दिल पर घर कर गई। इससे प्रेरणा लेकर उसने पीएससी के जरिए डिप्टी कलेक्टर का पद हासिल करने में कामयाब हुई। पीएससी में चयनित होने से पहले सीमा रेलवे में ट्रेन मैनेजर के रूप में सेवा दे रहीं थीं। विपरीत परिस्थितियों के बीच सीमा पात्रे ने पहले प्रयास में ही पीएससी में चयनित हुईं हैं। मां के सपने को पूरा करने के लिए डिप्टी कलेक्टर सीमा अब महिला सशक्तीकरण, लैंगिक समानता और शिक्षा के क्षेत्र में काम करना चाहती हैं।

इसी तरह हसदेव ताप विद्युत गृह के कार्यालय अधीक्षण अभियंता (उपकरण एवं संचार) में पदस्थ श्री रविंद्र साहू की प्रतिभाशाली सुपुत्री कु. गीतिका साहू सीवी रमन यूनिवर्सिटी बिलासपुर से बीई. (ईईई) से पास आउट है। इनकी अभिरूचि संगीत-गायन, रंगोली, चित्रकला में है। पीएससी की तैयारी के बीच में वह राजस्व विभाग में जिला कार्यालय कोरबा में बतौर पटवारी सालभर की सेवाएं भी दी हैं। गंधर्व महाविद्यालय मुंबई से विद्या विशारद गीतिका उप पुलिस अधीक्षक बनने के बाद महिला सुरक्षा पर काम करने की इच्छुक है।

## प्रतिज्ञा महिला मंडल द्वारा आनंद मेला का आयोजन



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के श्रम कल्याण केन्द्र में 04 फरवरी 2019 को प्रतिज्ञा महिला मंडल (जूनियर क्लब) द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अभियंता राजेश वर्मा एवं श्रीमती अंजली वर्मा ने करते हुए महिला मंडल के प्रयासों क सराहना की तथा आयोजन को बहुपयोगी बताया।

उन्होंने वरिष्ठ कल्याण अधिकारी पीआर खूंटे और सहायक अभियंता पीके जैन एवं श्रम कल्याण केन्द्र की समिति के सदस्यों तथा प्रतिज्ञा महिला मंडल को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन्होंने इस आयोजन को खूबसूरत बनाने के लिए काफी मेहनत की है। आनंद मेला में प्रतिज्ञा महिला मंडल की अध्यक्ष मनीषा वर्मा और सचिव ममता शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया।

रंगमहल म्यूजिक एकेडमी के बच्चों एवं संगीत गुरू सुधीन दास व मोनिशा अधिकारी ने मधुर गीतों की प्रस्तुति दीं। आनंद मेला में प्रतिज्ञा महिला मंडल की उपाध्यक्ष शीला सिंह, कोषाध्यक्ष चंचल शुक्ला, क्रीड़ा सचिव ज्योति श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव रमा दास, सहसचिव प्रतिभा राठौर ने सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया।

वरिष्ठ कल्याण अधिकारी पीआर खूंटे, सहायक अभियंता पीके जैन, शब्बीर मेमन एवं ब्रजेश विश्वकर्मा ने संपूर्ण कार्यक्रम के सफल संचालन-आयोजन में सक्रिय भागीदारी दी।

# कुर्यात सदा मंगलम

## साक्षी संग रोहित



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक कार्यालय में पदस्थ कल्याण अधिकारी श्री अशोक कुमार पिल्लई की सुपुत्री सौ. का. साक्षी का शुभ विवाह बैंगलोर निवासी श्री सोमन नायर के सुपुत्र चि. रोहित कुमार के संग दिनांक 04 सितम्बर 2018 को केरल स्थित गुरूवायूर श्री कृष्ण मंदिर के विवाह मंडप में सानन्द संपन्न हुआ। बधाई...

## हंसा संग महेन्द्र



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत श्री लखपति सिन्दूर की सुपुत्री सौ.कां. हंसा का शुभ विवाह रायपुर निवासी श्रीमती सुनीता दास के सुपुत्र चि. महेन्द्र के साथ 23 जनवरी 2019 को रायपुर में सानंद संपन्न हुआ। बधाई...

## प्रतीक संग कृति



छग स्टेट पॉवर जन. कं., रायपुर के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) कार्यालय में पदस्थ श्री पी.के. अग्रवाल, अतिरिक्त महाप्रबंधक के सुपुत्र चि. प्रतीक का शुभ विवाह कोरबा निवासी श्री गोविन्द सिंघानियाजी की सुपुत्री सौ.कां. कृति के साथ 10 फरवरी, 2019 को श्री अग्रसेन धाम छोकरानाला, रायपुर में सानंद संपन्न हुआ। हुआ। बधाई...

# हमारे गौरव

## कु. अर्थ पंसारी



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) में कार्यरत श्रीमती कनकलता पंसारी कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन की पुत्री कु. अर्थ पंसारी, कक्षा एक ने अपने प्रतिभा का परिचय देते हुए CPS OLYMPIADS में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव हासिल किया है। विद्यालय के वार्षिक उत्सव समारोह में मेडल, सर्टिफिकेट व कलाई घड़ी प्रदान किया गया। बधाई...



## छूने पर क्यों शर्माती है लाजवंती

वनस्पती की दुनिया बड़ी ही रोचक है। मानव जीवन पूरी तरह से इस पर आश्रित भी है। इस दुनिया में ऐसे-ऐसे पौधे हैं जो जादुई लगते हैं और जन-मन को मोहित करते हैं। ऐसे ही पौधों में से एक पौधे का नाम है 'लाजवंती'। जिसे छुई-मुई भी कहा जाता है। इस पौधे का वैज्ञानिक नाम 'मिमोसा प्यूडिका' है। छुई-मुई एक ऐसा पौधा है जिसकी पत्तियों को छू देने पर ऐसे सिकुड़ जाती हैं मानो कोई नई-नवेली दुल्हन शरमा-सकुचाकर सिमटकर बैठ गई हो। हालांकि कुछ समय बाद सिकुड़ी हुई पत्तियां पुनः अपने पूर्ववत स्थिति में आ जाती हैं। तेज हवा चलने पर भी लाजवंती की पत्तियां सिकुड़ जाती हैं। इसका कारण वैज्ञानिकों के अनुसार यही है कि इसकी पत्तियां कई कोशिकाओं से बनी होती हैं जिनमें द्रव (तरल पदार्थ) भरा होता है। जो पत्तियों को तने रहने और खड़े रहने में मदद करता है। जब कभी पत्तियों को कोई छू देता है या उसके आसपास कोई हलचल होती है तो पत्तियों में भरे द्रव का दबाव कम हो जाता है, फलस्वरूप पत्तियां सिकुड़ जाती हैं।

आईना बोलता है

# सीढ़िया के पीरा




विजय मिश्रा
संपादक


पाछू अइतवार के बात आय। मोर एक झिन संगवारी के एक्सीडेंट होगे रहिस। ओखर इलाज पानी बर सहर के एकठिन बड़े जनिक अस्पताल में ओला भरती करवाय रहेन। अस्पताल के चौथा मंजिल म बने जनरल वारड म मोर संगवारी हर भरती रहिस। ओकर देखरेख करे बर डोकरी डोकरा दाई ददा के छोड़ कोनो नइ रहिन। ते पाये के रतीहाकुन मोही ल उहां सुतना परे। एक रात के बात आय मोर नींद हर ले दे के परे रहिस। तभे कखरो सीसक सीसक के रोये के आवाज मोर कान म परिस। मे हा झकनका के उठ गेवंय। अस्पताल म रोवई गवई ल सुने ले कांही कुछु अनहोनी के अनदेसा लागथे। मे हर कोन रोवत हे, काबर रोवत हे, कहिके ओ डाहर आगूं बढेंव। जेती ले रोवई के आवाज आवत रहिस। मने मन म सोचेंव कोन जनी काखर इंतकाल होगे होही की, कोन बिचारी बिचारा नवा भरती होये होही।

आगू बढ़त बढ़त एकठिन कोंटा म पहुंचेव, त देखेंव की अस्पताल के कोंटा म बने सीढ़िया हर सुबक सुबक के रोवत हवय। मे हर ओला अबक देखे लागेंव। तब मोला देख के सीढ़िया हर भड़भड़ावत बोलिस- का देखत हस बोक बाय। अरे तुमरे मन के देहे पीरा ल सहत अपन तकदीर ल कोसत कोसत मे हर कलपत हों। सीढ़िया के अइसन कलपइ ल सुन के मेहर सोंच म पड़ गेवं। अउ पूछेंव- का बात आये तेला बने फोर के बताबे जी सीढ़िया ? काबर की मोला तो तोर गोठ हर समझ म नइ आवत हे। मोर गोठ ल सुनके सीढ़िया बोलिस- समझदार रहितेव तब तो मोर पीरा-गोठ हर समझ म आतीस। तुमन तो नाव के भर पढ़े लिखे मनखे आव। तुंहर काम ल देखबे त कुकुर बिलई ल ओ पार होगे हव।

ठीक हे सीढ़िया भाई, फेर हमन काय गलती करे हन तेला बताबे तभे तो कहीं सुधार करे के सोंच बो। मे हर सीढ़िया के पीठ ल सहलावत पूछेंव। तभे लाल-लाल रंग के पान के थूकई हर मोर हाथ म लग गे। कोन जनी कोन पनवारी हर थूके रहिस, जउनह मोर हाथ म सना गीस। ओला देख के मोर मुँह हर अइसे बिगड़ गे जानो मानो कोनो घुरवा म मोर गोड़ हाथ ह बोजा गे हवय। मोर बिगड़े मुंह ल देखे् के रोवत सीढ़िया ठठा के हांस पड़ीस। अउ बोलिस- अब कइसे लागीस, जब दूसर के खकारे थूके पान हर तोर हाथ म लगीस हे तब। अब सोंचव की दिन रात हमर उपर अइसने हे तूमन थूंकत रहीथव। त हमर उपर का बीतथे होही। असल म तुमन सीढ़िया ला थूंके के जगह समझ लेहे हो।

मे हर घिन घिनावत अपन हांथ ल रूमाल म पोछत बोलेवं- सही कहिथस सीढ़िया भईया। गलती हमरे आय। ठूठी बीड़ी सिगरेट, पान, गुटका के पाउच, फल-फलाहारी के छिलटा ल फेंके अउ खांस खकार के थूंके पुरके के काम हमन झट ले सीढ़िया म कर देथन। ओ सीढ़िया म जउन हर हमला तरी ले उपर कोती ले जाथे। माने एक किसिम ले बिकास के रद्दा देखाथे...

मोर बात ल बीच म कांटत गुर्रावत सीढ़िया बोलिस- तुमन सीढ़िया म थूंक के, कचरा फेंक के अपन बिन्दरा बिनास के काम करथंव। मुरूख अज्ञानी मन के अइसनेहे करम ल रोके खातिर आज कल सीढ़िया म देबी देवता के फोटो लगाना परत हे। तभो ले कई झिन परलोखिया मन नइ सुधरत हें। कोनो मेर होय पच ले थूक देथे। ते पाये के आज मेहर सिसक सिसक के रो पारेंव। काबर की हमर खातिर देबी देवता ल तको मान-अपमान सहना परत हे। सीढ़िया के गोठ सुनके मोर आंखी कान उघर गे। मे हर हाथ जोड़ के माफी मांगत बोलेंव- सीढ़िया भइया अब न तो कभू सीढ़िया म थूंकहुं अउ न कोनो ल थुकन दूहूं। मे हर सब्बो झन ल बताहुं की- सीढ़िया हर मनखे के सही संगवारी आय। सुखदुख के सहारा आय। बारहों महीना मनखे के सेवा बर तने खड़े रहिथे। ओ हर इही संदेसा देथे की- जउन चढ़े सीढ़िया- तेखर तन रहय बढ़िया। इही पाये के सीढ़िया ला राखहू बढ़िया, जम्मो उतरोईया-चढ़ोइया।

सीढ़िया अउ मोर गोठ बात चलत रहिस तभे सीढ़िया के बाजू म बने एकठिन लिफ्ट हर ठक्क ले आके रूक गिस। अउ ओहू हर रोवत गावत अपन पीरा ल सुनाय लागीस। भइगे सीढ़िया भइया तोरे कस मोरो हाल हावय। जउन मनखे अपन घर म लिफ्ट लगाय के ताकत नइ राखंय, ओहू मन तको मोर उपर अइसे चढ़ जाथें जानो मानो मे हर कोनो गदहा घोड़ा आवं। अइसन मुरूख मनखे मन डींग मारत पान खाके मोर भीतर म तको पच्च ले थूंक देथें। थोरको धीरज नइ धरय की लिफ्ट ले उतर के बाहिर म थूंकदान में थूंकबो।

अरे राम राम राम...। मे हर लिफ्ट के उपर हाथ राखथ ढांढस बंधावत बोलेंव- अइसन बेरा म तो तोर तन मन म आगी लग जाथ होही लिफ्ट भइया। मोर सवाल ल सुन के लिफ्ट हर बगियावत बोलिस- अरे का बतांव, अइसे लागथे की बीच रद्दा च म बिगड़ के ठाड़ हो जावं का। फेंर सोच थंव, हम तो मनुस के सेवा बर बने हवन। भले ही मनुस एला समझे की मत समझय। फेर हम तो अपन धरम-करम ''परोपकार'' ल निभाते रहिबो। तभे दूरिया ले ठकठक के आवाज ल सुनके सीढ़िया अउ लिफ्ट चुप होगिन। मे हर देखंव बिहिनिया के चार बज गे हवय, अउ सफाई करोइया करमचारी मन बाल्टी, पानी, मुठिया बहारी धर के हमरे कोती आवंत हे। मे हर बिना समय गवांय लपक के मुठिया बहिरी ल ओखर ले मांग के सीढ़िया के सफाई म लग गेंव। मोला अइसे लागिस जानो मानो मोर जिनगी म नवा बिहान होगे हे।




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी मर्यादित डंगनिया, रायपुर
फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702 | website : www.cspc.co.in



प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक